# भारतीय रिज़र्व बैंक सर्विसेज़ बोर्ड

**अधिकारी ग्रेड 'बी'/आनीअवि/सांसूप्रवि पदों की - सीधी भर्ती - 2022**

**<u>ऑनलाइन परीक्षा के लिए सूचना पुस्तिका</u>**

**पेपर - ।। और ।।।**

**1. परीक्षा की योजना :**

इस परीक्षा में निम्नलिखित दो प्रश्नपत्र (दो पाली में आयोजित) होंगे :

**अधिकारी ग्रेड 'बी' आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग (डी ई पी आर)**

| पाली | प्रश्नपत्र | प्रश्नपत्र | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | समयावधि (मिनट) |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रातःकालीन** | प्रश्नपत्र-।। | अर्थशास्त्र (वर्णनात्मक) (कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रश्न दर्शाए जाएंगे एवं पेपर पर उत्तर लिखने होंगे) | 5 | 100 | 180 |
| **दोपहर** | प्रश्नपत्र-।।। (ऑनलाईन) | अंग्रेजी (लेखन कौशल) (की बोर्ड की मदद से टाइप करने होंगे) | 3 | 100 | 90 |

**अधिकारी ग्रेड 'बी' सांख्यिकी और सूचना प्रबंधन विभाग (डी एस आय एम)**

| पाली | प्रश्नपत्र | प्रश्नपत्र | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम | समयावधि (मिनट) |
|---|---|---|---|---|---|
| **प्रातःकालीन** | प्रश्नपत्र-।। | अर्थशास्त्र (वर्णनात्मक) (कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रश्न दर्शाए जाएंगे एवं पेपर पर उत्तर लिखने होंगे) | 5 | 100 | 180 |
| **दोपहर** | प्रश्नपत्र-।।। (ऑनलाईन) | अंग्रेजी (लेखन कौशल) (की बोर्ड की मदद से टाइप करने होंगे) | 3 | 100 | 90 |

ऑनलाइन परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीदवारों के लिए होगी जिन्हें चरण-। की परीक्षा के परिणाम के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया होगा । यह परीक्षा दो पालियों (शिफ्टों) में होगी । उम्मीदवारों को दोनों ही पालियों की परीक्षा देनी होगी । **<u>प्रत्येक पाली के लिए अलग प्रवेश पत्र RBI वेबसाइट से डाउनलोड करें</u>** । परीक्षा/पालियों की तिथि, समय और परीक्षा स्थल दोनों ही प्रवेश पत्रों पर दर्शाया गया है ।
साक्षात्कार हेतु चयनित होने के लिए न्यूनतम कुल कट-ऑफ अंक बोर्ड द्वारा रिक्तियों की संख्या के अनुरूप तय किए जाएंगे । साक्षात्कार हेतु चयनित उम्मीदवारों के रोल नंबर RBI की वेबसाइट पर उचित समय पर प्रकाशित किए जाएंगे तथा साक्षात्कार प्रवेश पत्र को रजिस्टर्ड ईमेल आईडी पर भेजा जाएगा ।
प्रश्नपत्र-।। हिंदी और अंग्रेजी यानी द्विभाषी रूप में तैयार किए जाएंगे ।

प्रश्नपत्र-।। और ।।। के लिए परीक्षा का समय क्रमशः 180 और 90 मिनट होगा, लेकिन आपको परीक्षा स्थल पर क्रमशः लगभग 230 और 140 मिनट रहना होगा । इसमें उपस्थिति दर्ज करने, फोटो पहचान के प्रमाण के साथ प्रवेशपत्र जमा करने, लॉगिंग इन करने आदि में लगने वाला समय शामिल है ।

2. **नमूना प्रश्न:** कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या कुछ या सभी प्रकार के तथा अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नहीं किया गया हो । नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

**प्रश्नपत्र - ।। : डी ई पी आर के लिए अर्थशास्त्र**

**पेपर का स्तर भारत में किसी भी केंद्रीय विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र की स्नातकोत्तर डिग्री की परीक्षा के समान होगा ।** कंप्यूटर स्क्रीन पर प्रश्न दर्शाए जाएंगे तथा उत्तर लिखने हेतु अलग से उत्तर पुस्तिका प्रदान की जाएगी ।
**अर्थशास्त्र के लिए सुझाई गयी पठन सामग्री–**

**RBI प्रकाशन अर्थात, वार्षिक रिपोर्ट, भारत में बैंकिंग की प्रवृति और प्रगति पर रिपोर्ट, मौद्रिक नीति रिपोर्ट और वित्तीय स्थिरता**

